Chapter- 5

# ओणम

## STUDY NOTES

कहानी का मुख्य भावार्थ सरल भाषा में-

बहुत समय पहले की बात है, केरल राज्य में महाबलि नामक एक महान तथा दानशील राजा थे। राजाबलि से जो भी कोई कुछ भी माँगता था, तो वह उसे तुरंत वो चीज उसे दे देते थे। इस बजह से उनके राज्य तथा आस-पास के राज्य के लोग उन्हें दानशील राजा के नाम से जानते थे। यह सुनकर महाबलि के मन में बहुत अहंकार हो गया। महाबलि के इस दानशील गुण को देखकर इंद्र देवता को चिंता होने लगी। जिसके चलते उन्होंने भगवान विष्णु से सहायता ली। भगवान विष्णु ने राजा बलि के घमंड़ को तोड़ने के लिए वामन अवतार का रूप लिया तथा उनके पास जाकर उनसे दान में तीन पग भूमि माँगी। जिसनें वामन देव ने पहले पग में पृथ्वी, दूसरे पग में आकाश नाप लिया, अंत में वामन देव ने तीसरा पग महाबलि के सिर पर रखकर उसे पाताल लोक भेज दिया। इस तरह से अंत में राजा बलि का घमंड़ टुट गया। यह माना जाता है की केरल के लोगों की खुशहाली को देखने के लिए राजा बलि साल में एकबार अपनी प्रजा से मिलने ओणम के दिन धरती पे आते हैं। इस पर्व को फसल पर्व के रूप में केरल में मनाया जाता है। यह पर्व दस दिनों तक मनाया जाता है। यहाँ के लोग अपने घर को विशेष प्रकार के फूलों से रंगोली बनाते हैं। घर में खीर बनाया जाता है। ओणम के अवसर पर नौका दौड़ का आयोजन किया जाता है। इस तरह से इस पर्व को खुशि के साथ मनाया जाता है।

पाठ की रोचक बातें

- प्रत्येक त्योहार में अपनी विधि व परंपरा के साथ समाज व देश के लिए एक संदेश होता है।
- एकता, भाईचारा तथा स्नेह का यह संदेश हमें एक सुत्र में बाँधे रखता है।
- अपनी परंपरा तथा अपनी संस्कृती से हमारी सही पहचान करवाता है।
- त्योहार जीवन में हर्षोल्लास के रंग भरते हैं।
- अनेकता में एकता के प्रतीक भारतीय पर्व सभी को खुशियों से भर देते हैं।

कठिन शब्दों के अर्थ

- त्योहार - पर्व, उत्सव
- हर्षोल्लास - खुशियाँ
- घमंड - गर्व
- राष्ट्र - देश
- विविध - अलग-अलग तरह के
- मामूली - साधारण
- विधि - उपाय
- विशेष - कुछ खास
- सरस - सुंदर
- चिंतन-मनन - विचार करना

अभ्यास के लिए

१. सही विकल्प चुनकर सही (✓) का निशान लगाइए।

क) ओणम मनाने के पीछे कौन-सी कथा प्रचलित है ?

i) पौराणिक कथा (✓) ii) ऐतिहासिक कथा

iii) सामाजिक कथा iv) आधुनिक कथा

ख) राजा बलि क्या देखकर संतुष्ट होते हैं ?

i) वामन को देखकर ii) पकवानों को देखकर

iii) राज्य की खुशहाली देखकर (✓) iv) लोगों को देखकर

ग) ओणम के दिन क्या बनाई जाती है ?

i) दीपों की थाली ii) मिठाइयों की थाली

iii) फूलों की रंगोली (✓) iv) मोतियों की रंगोली

२. कम से कम शब्दों में उत्तर दीजिए -

क) मनुष्य को क्या प्रिय है ?

उ- मनुष्य को त्योहार बहुत प्रिय है।

ख) केरल राज्य के राजा का नाम क्या था ?

उ- केरल राज्य के राजा का नाम महाबलि था।

ग) इंद्र देवता को चिंता क्यों होने लगी ?

उ- इंद्र देवता को राजा बलि का प्रभुत्व देखकर चिंता होने लगी।

घ) 'मुंडु' किसे कहा जाता है ?

उ- खादी के वस्त्रों को 'मुंडु' कहा जाता है।

ङ) भगवान को किसका भोग चढ़ाया जाता है ?

उ- भगवान को खीर का भोग चढ़ाया जाता है।

३. लिखित - रिक्त स्थान भरिए

क) महाराष्ट्र का गणेशत्सव प्रसिद्ध है।

ख) महावलि एक अच्छे राजा तथा शासक थे।

ग) भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण किया।

घ) ओणम पर्व दस दिनों तक चलता है।

ङ) ओणम के दिन नए वस्त्र पहने जाते हैं।

४. सही (✓) या गलत ( X ) का निशान लगाइए।

क) भारत त्योहारों का देश है। (✓)

ख) ओणम वर्षा ऋतु का पर्व है। ( X )

ग) बलि ने सुवर्ण दान दिया। ( X )

घ) हर त्योहार की अलग पहचान है। (✓)

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) भारत कैसा देश है ?

उ - भारत त्योहारों का देश है।

ख) ओणम किस राज्य का पर्व है ?

उ - ओणम केरल राज्य का पर्व है।

ग) राजा बलि किसके लिए प्रसिद्ध थे ?

उ - राजा बलि अपनी महान दानशीलता के लिए प्रसिद्ध थे।

घ) इंद्र को किसकी सहायता मिली ?

उ - इंद्र को भगवान विष्णु की सहायता मिली।

ङ) ओणम पर्व का दूसरा नाम क्या है ?

उ - ओणम पर्व का दूसरा नाम 'फसल पर्व' है।

च) नौका दौड को क्या कहते हैं ?

उ - नौका दौड को 'वल्लमकली' कहते हैं।

६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए -

क) ओणम पर्व किस प्रकार मनाया जाता है ?

उ - ओणम पर्व में हम सारे भेद-भाव को भूलकर आनंद तथा उल्लास के साथ सब मिलजुलकर मनाते हैं।

ख) 'त्योहारों पर परिवार के साथ अनाथालयों में जाकर पर्व मनाने पर जो आनंद मिलता है, उस आनंद को एक या दो वाक्यों में लिखिए।

उ - जब हम किसी भी अनायालय में जाते हैं, तब हमें यह महसुस होता है की हम प्यारी सी दुनिया में आ गए हैं हमें बहुत ख़ुशी होती है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

## भाषा ज्ञान (व्याकरण)

१. क) दानशीलता घ) प्रभुत्व
ख) सुंदरता ङ) देवत्व
ग) मधुरता च) पशुत्व

२. क) लेख लिखने वाला - लेखक
ख) लेख लिखने वाली - लेखिका
ग) सेवा करने वाला - सेवक
घ) सेवा करने वाली - सेविका

३. शब्दों को पढ़कर वर्णों के मात्रा चिह्न लगाकर लिखिए -

क) भारत त्योहारों का देश है।

ख) केरल राज्य में महाबलि नामक राजा था।

ग) विष्णु ने वामन रूप धारण किया।

घ) यह परंपरा आदिकाल से है।

४. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए -

| | | |
|---|---|---|
| क) दिन-दिवस | ख) वस्त्र-कपड़ें | ग) दीपक - दीया |
| घ) खुश-प्रसन्न | ङ) महिला - स्त्री | च) पृथ्वी - धरती |

## अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

प्र- त्योहार जीवन में क्यों अवश्यक है।

उ- आपसी प्रेम, स्नेह तथा एकता को और अधिक गहरा करने के लिए हमें जीवन में हर त्योहार को मनाना चाहिए।

प्र- ओणम त्योहार में मुख्य आकर्षक की चीजें क्या है ?

उ- ओणम त्योहार में मुख्य आकर्षण की चीजें है, रंगोली, नौका दौड़, तथा शाही हाथियों का भव्य समारोह।

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow